कोल इण्डिया
Coal India

# वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
# समाचार

हमारे लोग, हमारी ताकत

दिनांक : 31 अक्तूबर, 2022

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अंक : 468
वर्ष : 30


## कोयला मंत्रालय के सचिव डॉ. अनिल कुमार जैन ने किया छत्तरपुर-I भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर एवं वेकोलि मुख्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) का उद्घाटन





दिनांक 27.10.2022 को वर्चुअल माध्यम से आयोजित उद्घाटन समारोह में कोयला मंत्रालय के सचिव डॉ. अनिल कुमार जैन, भा.प्र.से, ने पाथाखेड़ा क्षेत्र की छत्तरपुर-I भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर एवं वेकोलि मुख्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (ICCC) का उद्घाटन किया।

समारोह में वेकोलि के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने पाथाखेड़ा क्षेत्र की छत्तरपुर-I भूमिगत खदान की वर्त्तमान स्थिति एवं कंटीन्यूअस माइनर के प्रयोग से खनन प्रक्रिया में होने वाली वृद्धि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने नई तकनीक के लाभ का जिक्र करते हुए वेकोलि मुख्यालय के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के उपयोग के बारे में विस्तार से बताया।

उद्घाटन समारोह के दौरान अपने उद्बोधन में डॉ. अनिल कुमार जैन ने कहा कि वेकोलि में भूमिगत खनन का विशेष महत्व है। इस दिशा में नवीनतम तकनीक का प्रयोग एवं मशीनीकरण आवश्यक है। उन्होंने छत्तरपुर-I भूमिगत खदान में कंटीन्यूअस माइनर प्रणाली को अपनाने के प्रयास की सराहना की। साथ ही उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वेकोलि मुख्यालय में स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से खदानों की वर्तमान जानकारी तत्काल हासिल होगी एवं इससे कार्य में पारदर्शिता और तेज़ी आएगी।

कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा की देश में कोयले की मांग निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में आवश्यकता के अनुरूप कोयला उत्पादन करने हेतु खुली खदानों के साथ-साथ भूमिगत खनन को भी बढ़ाया जाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मशीनीकरण से भूमिगत खदानों की लाभप्रदता बढ़ती है। इसी उद्देश्य से कोल इंडिया लिमिटेड ने 2030 तक 100 कंटीन्यूअस माइनर लगाने की योजना बनाई है, जिसमें से 20 वेकोलि में लगाए जायेंगे।

इस समारोह में वर्चुअल माध्यम से कोयला मंत्रालय के अपर सचिव श्री विनोद कुमार तिवारी एवं श्री एम. नागराजू के साथ कोयला मंत्रालय एवं कोल इंडिया के वरिष्ठ अधिकारी गण, वेकोल बोर्ड के सदस्य गण जुड़े। प्रत्यक्ष तौर पर वेकोलि के निदेशक (कार्मिक) डॉ. संजय कुमार, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी, निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, सीवीओ श्री मुकेश कुमार मिश्रा, संचालन समिति के सदस्य, क्षेत्रीय महाप्रबंधक गण, विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यू-ट्यूब पर किया गया, जिसे बड़ी संख्या में कर्मियों ने देखा।





## राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभभाई पटेल को टीम वेकोलि की श्रद्धांजलि
### इसी दिवस पर वेकोलि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ




लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर टीम वेकोलि ने दिनांक 31.10.2022 को उन्हें अपनी आदरांजलि अर्पित की। मुख्यालय में आयोजित समारोह में अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने सरदार पटेल के छायाचित्र पर माल्यार्पण करने के बाद कर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई।

इसी दिवस पर वेकोलि में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार तथा प्रमुख अतिथि निदेशक (कार्मिक) डॉ संजय कुमार एवं निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री जे. पी. द्विवेदी ने दीप प्रज्ज्वलित कर सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ किया। यह सप्ताह 31.10.2022 से 06.11.2022 तक वेकोलि मुख्यालय के साथ सभी क्षेत्रों में मनाया जायेगा। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का थीम है "भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत"।

इस अवसर पर कंपनी के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने कर्मियों को सतर्कता जागरूकता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत, अवसर विशेष के लिए प्राप्त महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी एवं केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश का वाचन महाप्रबंधक सर्वश्री आर. एम. वानरे, सोहाग पण्ड्या, एस. के. जैन, एम. के. बालुका एवं मनीष दास गुप्ता ने किया।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अनुपमा टेम्भूर्निकर, वरिष्ट प्रबंधक (कार्मिक) ने किया। समारोह में विभागाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि कंपनी मुख्यालय तथा क्षेत्रों में सप्ताह पर्यंत विविध कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। फेसबुक लाइव के सीधे प्रसारण के माध्यम से कंपनी के सभी क्षेत्रों में टीम वेकोलि के सदस्य बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम से जुड़े।





## अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार पर्यावरण प्रबंधन एवं माइनिंग ऑपरेशंस के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित




" द इंडियन माइनिंग एंड इंजीनियरिंग जर्नल" द्वारा अपने हीरक जयंती वर्ष के अवसर पर एक दिवसीय "माइनिंग यूथ कॉन्क्लेव" के दौरान वेकोलि के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार को दिनांक 16.10.2022 को दिल्ली में पर्यावरण प्रबंधन एवं माइनिंग ऑपरेशंस के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री कुमार ने यह सम्मान कोयला मंत्रालय के एडिशनल सेक्रेटरी कोल श्री विनोद कुमार तिवारी तथा आई.आई.टी. पटना के निदेशक प्रो. टी. एन. सिंह के हाथों प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री कुमार ने सस्टेनेबल माइनिंग से जुड़े वृक्षारोपण, तकनीकी विकास, ओवरबर्डन टू सेंड, ईको माइन टूरिज्म आदि के क्षेत्रों में टीम वेकोलि की स्वर्णिम उपलब्धियों को साझा किया और कहा कि यह सम्मान टीम वेकोलि को मिला है।

कॉन्क्लेव में देश के शीर्ष संस्थानों से भाग लेने वाले लगभग 150 विद्यार्थियों और अध्यापकों ने सस्टेनेबल माइनिंग विषय पर पेपर्स प्रस्तुत किए और माइनिंग उद्योग में नई तकनीक और नवाचार पर चर्चाएं की गई। कार्यक्रम के दौरान इंडियन माइनिंग एवं इंजीनियरिंग जर्नल के विशेषांक का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में एडिशनल सेक्रेटरी कोल विनोद कुमार तिवारी के अतिरिक्त महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री ओ पी सिंह, एन.सी.एल के अध्यक्ष श्री भोला सिंह, एस.ई.सी.एल के अध्यक्ष श्री पी. एस मिश्रा, कोयला मंत्रालय के OSD श्री पियूष कुमार, आई.एम.एम.टी भुवनेश्वर के चीफ साइंटिस्ट डॉ. डी. एस राव, CIMFR के प्रिंसिपल साइंटिस्ट डॉ. हर्ष कुमार वर्मा, आई आई टी पटना के निदेशक प्रो. टी एन. सिंह, एन.आई.टी राउरकेला के प्रो. एस जयंथु तथा कॉन्क्लेव कनवीनर श्री जी के प्रधान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।




## नेशनल कोल कॉन्क्लेव में वेकोलि का स्टॉल



कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में दिल्ली में आयोजित 1st नेशनल कोल कॉन्क्लेव तथा प्रदर्शनी के पहले दिन (16.10.2022), देश के कोयला सचिव श्री अनिल कुमार जैन सहित मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने, वेकोलि के स्टॉल का जायजा लिया। स्टॉल पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक श्री मनोज कुमार ने उनका स्वागत कर प्रदर्शित माइन रेस्क्यू तथा सेफ्टी इक्विपमेंट्स संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।

कोयला सचिव ने वेकोलि द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा हाल ही में विश्व स्तर पर 9 देशों की 22 टीमों के बीच तीसरा स्थान प्राप्त कर, कोल इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाली वेकोलि की माइन रेस्क्यू टीम को बधाई दी।

कार्यक्रम के आरंभ में वेकोलि की टीम ने माइन रेस्क्यू का लाइव डेमो दे कर सभी आगंतुकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। दिन भर वेकोलि स्टॉल पर कई विशिष्ट अतिथियों का आना लगा रहा। कार्यक्रम में कोयला मंत्रालय के अधिकारियों के अलावा सभी कोयला कंपनियों के अध्यक्ष तथा अन्य हित धारक भी मौजूद रहे।

नेशनल कोल कॉन्क्लेव तथा प्रदर्शनी के दूसरे दिन, देश के माननीय कोयला मंत्री श्री प्रहलाद जोशी ने वेकोलि के स्टॉल का निरिक्षण किया। माननीय कोयला मंत्री श्री प्रहलाद जोशी, कोयला सचिव श्री अनिल जैन एवं कोल इंडिया अध्यक्ष श्री प्रमोद अग्रवाल ने हाल ही में विश्व स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त कर, कोल इंडिया का प्रतिनिधित्व करने वाली वेकोलि की माइन रेस्क्यू टीम को देश तथा कोल इंडिया का नाम रौशन करने के लिए बधाई दी। वेकोलि के स्टॉल पर कंपनी के सीएमडी श्री मनोज कुमार ने अतिथियों का स्वागत कर प्रदर्शित माइन रेस्क्यू तथा सेफ्टी इक्विपमेंट्स संबंधित गतिविधियों की जानकारी दी।







## पेंच क्षेत्र के दौरे पर रहे निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह



निदेशक तकनीकी (योजना एवं परियोजना) श्री ए. के. सिंह, दिनांक 19 अगस्त 2022 को, पेंच क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने उरधन खुली खदान तथा धनकसा भूमिगत खदान पहुँचकर वहाँ की खनन गतिविधियों का जायजा लिया। उन्होंने पेंच क्षेत्र में कोयला उत्पादन की वर्तमान स्थिति एवं भविष्य की योजनाओं के बारे में क्षेत्रीय प्रबंधन से विस्तार से चर्चा की एवं इस दिशा में प्रगति हेतु अपने सुझाव दिए। इस दौरे में श्री सिंह के साथ पेंच क्षेत्र के महाप्रबंधक श्री निर्मल कुमार एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी गण उपस्थित रहे।

